तापमान

अधिकतम 32.0 डिग्री

न्यूनतम 26. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरूवार, 9 अक्टूबर 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती




कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरु 4





## अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान विगत 12 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहा है। भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने




की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने का खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यर्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782. **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

Advt.


## खबर संक्षेप

### सिलादेही फीडर में मेंटनेस के चलते विद्युत आपूर्ति आज रहेगी बंद

**बिर्रा।** गुरूवार को 11केव्ही सिलादेही फीडर में मेंटनेंस का कार्य के चलते विद्युत आपूर्ति प्रभावित होगा। जिसकी वजह से उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। 9 अक्टूबर को 11 केव्ही सिलादेही फीडर में मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। जिसके कारण ग्राम सिलादेही, देवरानी एवं महुडीह में प्रातः 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिकारियों ने बताया कि आवश्यकतानुसार समय सीमा बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

### अपर कलेक्टर ने ली राजनैतिक दलों की बैठक

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जन्मेजय महोबे के निर्देशन में अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर ने आज आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 के दृष्टिगत प्रत्येक मतदान केन्द्रों में बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति किये जाने हेतु जिले के राजनैतिक दलों की बैठक ली। बैठक में राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों को आगामी विशेष गहन पुनरीक्षण के संबंध में प्रारंभिक जानकारी दी गई तथा बूथ लेवल एजेंट के नियुक्ति निर्धारित प्रारूप बीएलए-2 फॉर्म में तत्काल पूर्ण कर सूची देने कहा गया। आगामी 9-10 अक्टूबर को विधानसभा स्तर पर बूथ लेवल एजेंट के लिए आयोजित होने वाले ओरिएंटेशन कार्यक्रम के बारे में अवगत कराया गया एवं वर्तमान में हुए मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के अनुमोदन उपरांत नवीनतम मतदान केन्द्रों की सूची भी प्रदाय की गई। बैठक में गुलाब सिंह चंदेल, शिशिर द्विवेदी, कमला प्रसाद कुर्रे, जगमोहन पाटले, अभिषेक मिश्रा प्रदेश, ललित बघेल, विवेक सिंह सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजनांतर्गत 25 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान निम्न आय वर्ग के विद्यार्थी जो शिक्षण सत्र 2025-26 में राष्ट्रीय स्तर के उच्च व्यावसायिक संस्थाओं जैसे - आईआईटी, एम्स, आईआईएम, एनएलयू, एमबीबीएस, एनआईटी, आईआईटी में चयन उपरांत प्रवेश प्राप्त करने के लिए तात्कालिक सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना संचालित है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में आवेदन 25 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी पंजीकृत डाक से अथवा कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर जांजगीर में जमा कर सकते हैं। आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर जांजगीर से अथवा जिला जांजगीर-चाम्पा की वेबसाइट से प्राप्त किया जा सकता है। निर्धारित तिथि समाप्ति पश्चात आवेदन स्वीकार नही किये जायेंगे। योजना से संबंधित अधिक जानकारी हेतु कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास पुराना कलेक्टोरेट परिसर जांजगीर से संपर्क किया जा सकता है।

### घंटों मशक्कत के बाद 5 दमकल की मदद से मिला काबू

# शिवरीनारायण के बॉम्बे मार्केट में लगी आग, तीन दुकानों का सामान जलकर खाक

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शिवरीनारायण के बॉम्बे मार्केट में बीती रात आग लग गई। आग की लपटों ने एक एक कर 3 बड़ी दुकानों और 2 ठेले को अपनी चपेट में ले लिया। आग इनती भीषण थी कि 5 दमकल की मदद से कई घंटों की मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। आगजनी से लाखों का नुकसान हुआ है।

शिवरीनारायण के बॉम्बे मार्केट में बीती रात करीब 2 बजे बॉम्बे शु हाउस में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी भयावह हो गईं कि कुछ ही मिनटों में आसपास की अन्य दुकानों को भी अपनी चपेट में ले लिया। बॉम्बे शु हाउस से फ़ैलते हुए आग की लपटों ने कलकत्ता होजरी, चित्रा इलेक्ट्रोनिक्स के साथ ही एक पान ठेला और साइकिल ठेला को घेर लिया। सूचना पर शिवरीनारायण पुलिस मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई। नगर पंचायत के टेंकर से आग की लपटों को फैलने से रोकने का प्रयास किया गया। कुछ देर बाद एक एक कर 5



दुकान में लगी आग को बुझाने पहुंचे दमकलकर्मी।

दमकल पर पहुंच गई। छत्तीसगढ़ अग्निशमन सेवा की टीम, होमगार्ड जांजगीर टीम, न्यूको प्लांट, केएसके पावर प्लांट, प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मड़वा पावर प्लांट के अग्निशमन वाहनों ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक लाखों की सामान जलकर खाक हो चुका था। स्थानीय लोगों ने बताया कि आग की लपटें इतनी तेज थीं कि आसपास के क्षेत्र में पूरी तरह से धुआं छा गया। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए। कई व्यापारियों ने अपनी दुकानें बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज लपटों के कारण असहाय नजर आए। आगजनी से व्यापारियों को लाखों का नुकसान हुआ है। आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस ने घटना की जांच शुरू कर दी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है। इधर आगजनी की घटना से व्यापारियों को लाख रुपए की नुकसान होने की संभावना जताई जा रही है।



# मगरमच्छ का सुरक्षित रेस्क्यू कर छोड़ा गया क्रोक्रोडायल पार्क में

### जिला मुख्यालय से लगे ग्राम बनारी का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर से लगे ग्राम पंचायत बनारी के अमुर्री तालाब से मगरमच्छ का सुरक्षित ढंग से रेस्क्यू का उसे कोटमीसुनार स्थित क्रोक्रोडायल पार्क में छोड़ दिया गया है। रेस्क्यू करने में वन विभाग एवं स्थानीय ग्रामीण दिनभर जुटे रहे।

ज्ञात हो कि नवागढ़ ब्लाक के ग्राम पंचायत बनारी के अमुर्री तालाब में मंगलवार 7 अक्टुबर को गांव के ही कुछ लोगों के द्वारा करीब 7 फीट का मगरमच्छ देखा गया। इस बात की सूचना ग्रामीणों ने सरपंच एवं वन विभाग की टीम को दी, जिसके बाद टीम गांव पहुंची एवं रेस्क्यू के कार्य में लगी रही। इसके लिए वनविभाग की टीम के द्वारा पिंजडे में मुर्गा रखकर उसे पकड़ने की कवायद में जुटे रहे। वही कड़ी मेहनत एवं स्थानीय लोगों की मदद से आखिरकार बुधवार 8 अक्टुबर को मगरमच्छ का सुरक्षित ढंग से रेस्क्यू कर उसे कोटमीसोनार स्थित क्रोक्रोडायल पार्क में सुरक्षित ढंग से छोड़ दिया गया। बताया जाता है कि ग्राम बनारी के अर्मुरी तालाब में मगरमच्छ मिलने की खबर से लोग दहशत में थे, अब मगरमच्छ पकडे जाने से ग्रामीण सुरक्षित महसूस कर रहे है।





पकड़े गए मगरमच्छ के साथ वन विभाग की टीम।

#### किया गया है रेस्क्यू

ग्राम बनारी के अमुर्री तालाब में मगरमच्छ होने की सूचना पर वनविभाग की टीम के द्वारा सुरक्षित ढंग से मगरमच्छ का रेस्क्यू कर उसे कोटमी सुनार स्थित क्रोक्रोडायल पार्क में छोड़ दिया गया है।

**-होरेशचंद्र शर्मा,** एसडीओ, वनविभाग चांपा

# कुश्ती प्रतियोगिता में रायपुर, बिलासपुर दुर्ग जोन का रहा दबदबा, समापन आज



हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

25वीं राज्य स्तरीय शालेय कुश्ती प्रतियोगिता का रोमांच तीसरे दिन चरम पर पहुंच गया। बुधवार को हाई स्कूल मैदान जांजगीर में आयोजित प्रतियोगिता में 19 वर्षीय बालक वर्ग की फ्रीस्टाइल और ग्रीको-रोमन कुश्ती के मुकाबले खेले गए। इस दौरान रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग जोन के पहलवानों का दबदबा पूरे दिन बना रहा। वहीं प्रतियोगिता का समापन गुरूवार 9 अक्टूबर को रखा गया है।

तीसरे दिन हुए फ्रीस्टाइल वर्ग के मुकाबलों में रायपुर जोन के पहलवानों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एकतरफा जीत दर्ज की। तकनीकी दक्षता और दांव-पेच के बेहतरीन इस्तेमाल से रायपुर जोन के खिलाड़ियों ने प्रतिद्वंद्वियों को मात देते हुए सर्वाधिक अंक अर्जित किए। इससे रायपुर जोन शीर्ष स्थान पर पहुंच गया। वहीं, बिलासपुर जोन के पहलवानों ने भी संघर्षपूर्ण मुकाबले खेले और दूसरे स्थान पर कब्जा जमाया। फ्रीस्टाइल वर्ग के कई मुकाबले इतने रोमांचक रहे कि दर्शक आख़िरी मिनट तक अपनी सीटों से उठ नहीं पाए।इसी दौरान ग्रीको-रोमन कुश्ती वर्ग में बिलासपुर और दुर्ग जोन के पहलवानों का जलवा देखने को मिला। बिलासपुर जोन ने कई वर्गों में स्वर्ण पदक हासिल किए, वहीं दुर्ग जोन के पहलवानों ने सिल्वर और कांस्य पदक जीतकर अपनी जोन की स्थिति मज़बूत की। प्रतियोगिता में रायपुर जोन भी कड़ा मुकाबला देता दिखा, परंतु ग्रीको-रोमन वर्ग में बिलासपुर और दुर्ग के पहलवानों ने बढ़त कायम रखी।

### बिर्रा में महासंग्राम डांस स्पर्धा का आयोजन 22 को

**बिर्रा।** ग्राम पंचायत बिर्रा के शांति चौक में महासंग्राम डांस प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार 22 अक्टूबर को रात्रि 8 बजे से रखा गया है। इस संबंध में महासंग्राम डांस प्रतियोगिता के डायरेक्टर डॉक्टर कुश पटेल ने बताया कि इस महासंग्राम डांस प्रतियोगिता में चार अलग-अलग विधाओं में डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। ग्रुप डांस में एंट्री शुल्क 500 रुपए, युगल डांस में एंट्री शुल्क 300 रुपए, एकल डांस में एंट्री शुल्क 200 रुपए और ब्रेक डांस में एंट्री शुरू का 150 रुपए रखा गया है। इसके साथ ही चारों विधाओं में अलग-अलग पुरस्कार रखा गया है। पहला नंबर ग्रुप डांस में प्रथम पुरस्कार 15 हजार, द्वितीय पुरस्कार 10 हजार, तृतीय 7 हजार, चतुर्थ पुरस्कार 5 हजार, पंचम पुरस्कार 3 हजार रुपए रखा गया है। इसी तरह अन्य पुरस्कार दिया जाएगा।

# आखिरकार 5 वें दिन मिली हसदेव नदी में बही युवती की लाश, दो का पहले मिल चुका है शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

देवरी चिचोली पिकनिक स्पाट में तेज बहाव में बहे युवती की लाख आखिरकार 5 वे दिन मिली। युवती बिलासपुर की रहने वाली है। मामला पंतोरा चौकी का है। इससे पहले 2 युवकों का शव मिल चुका है।

ज्ञात हो कि शनिवार 4 अक्टुबर को बिलासपुर से 2 युवक 2 युवती समेत 5 लोग देवरी चिचोली पिकनिक स्पाट गए थे। इस दौरान नदी के तेज बहाव में 5 लोग बह गए थे। इनमें से दो लोग किसी तरह अपनी जान बचाने में सफल रहे। वहीं नदी के तेज बहाव में तीन लोग बह गए इनमें से दो युवको की लाश पहले ही बरामद कर ली गई। वहीं घटना के 5 वे दिन बुधवार 8 अक्टुबर को बलौदा ब्लाक के ग्राम देवरहा में युवती स्वर्ण रेखा का शव बरामद किया गया। इस संबंध में पंतोरा चौकी प्रभारी दिलीप सिंह का कहना है कि घटना स्थल से करीब 22 किलोमीटर दुर युवती का शव ग्राम देवरहा के पास से बरामद किया गया है। इस बात की सूचना परिजनो को दी गई है। उल्लेखनीय है कि पहरिया क्षेत्र के देवरी चिचोली पिकनिक स्पॉट पर नदी में नहाने के दौरान करीब दर्जन भर से अधिक लोगों के मरने की जानकारी सामने आ चुकी है। इसके बावजूद लोग लापरवाहीपूर्वक जान जोखिम में डालकर पिकनिक का आनंद उठाते है। हादसों को देखते हुए प्रशासन द्वारा भी कई बार अलर्ट जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद लोग लापरवाही बरत रहे है।



युवती की खोजबीन करते सर्चिंग टीम तथा इंसेट में स्वर्णरेखा

### सड़कों की जर्जर हालत को देखते हुए लिया गया निर्णय

# सड़कों पर कैच व्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाने पर वसूला जाएगा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में दुर्घटना की संभावना को देखते हुए सड़कों पर कैच व्हील लगाकर ट्रेक्टर चलाना प्रतिबंधित किया गया है। कैच व्हील लगाकर ट्रेक्टर चलाने पर परिवहन विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

जिला परिवहन अधिकारी गौरव साहू ने बताया कि ट्रैक्टर वाहन को मुख्य रूप से किसानों द्वारा खेतों में उपयोग के लिए बनाए जाते है। इन ट्रैक्टरों को नुकीले दोहरे पिंजरों (केज व्हील) वाले पहियों को हटाए बिना, अनाधिकृत और अंधाधुंध तरीके से सड़क सीमेंट की सड़कों, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकार क्षेत्र वाली सड़कों पर चलाया जा रहा है। सड़क या सीमेंट की सड़कों पर ऐसे ट्रैक्टर चलते समय दोहने पिंजरों (केज व्हील) वाले पहियों को हटाया जाना चाहिए। किसान दोहरे पिंजरों वाले पहियों को हटाए बिना ही इन वाहनों को सड़क सीमेंट की सड़कों पर चला रहे है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में ऐसे ट्रैक्टर जिसके टायरों में लोहे का रिंग लगा हो, जिसका प्रयोग खेत में होना चाहिए और ऐसे रिंग लगे ट्रैक्टरों का ग्रामीण क्षेत्र में सामान्य सड़कों सीमेंट के सड़को में चलने पर सड़क खराब हो रही है परन्तु सड़कों में ऐसी वाहनों का संचालन किया जाना मोटर वाहन अधिनियम, नियमों के विरुद्ध है तथा जिससे दुर्घटना घटित होने की संभावना भी बढ़ जाती हैं। इन परिस्थितियों को मद्देनजर रखते हुए ऐसी वाहनों को सामान्य सड़कों में न चलाया जाये। जिला परिवहन अधिकारी ने जिले के समस्त किसानों से अपील है कि ऐसे ट्रैक्टर जिसके टायरों में लोहे का रिंग लगा कर सड़कों पर संचालन न किया जाये, जिसे सड़कें खराब होने की संभावना हो। ट्रैक्टर जिसके टायरों में लोहे का रिंग लगा कर संचालित करते पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी। बताया जाता है कि ट्रैक्टरों का ग्रामीण क्षेत्र में सामान्य सड़कों सीमेंट के सड़को में चलने पर सड़क खराब हो रही है परन्तु सड़कों में ऐसी वाहनों का संचालन किया जाना मोटर वाहन अधिनियम, नियमों के विरुद्ध है तथा जिससे दुर्घटना घटित होने की संभावना भी बढ़ जाती हैं। इसे देखते हुए परिवहन विभाग के द्वारा निर्णय लेते हुए सड़कों पर कैच व्हील लगाकर ट्रैक्टर चलाने वाले वाहन चालकों पर यातायात अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।



# शराबी शिक्षक को बीईओ ने दिया कारण बताओ नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

शराब पीकर स्कूल पहुंचने वाले शिक्षक को विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने के लिए नोटिस दिया गया है।

विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर के शासकीय प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक राजेश कुमार कुर्रे ने 7 अक्टूबर दिन मंगलवार को शराब की नशे में मदहोश होकर स्कूल पहुंचे तथा इसी बीच पंचायत पदाधिकारीयों और ग्रामीणों ने स्कूल में निरीक्षण के दौरान शिक्षक को शराब की नशे के हालत में मिला तथा पंचायत व ग्रामीणों ने प्रधानपाठक दामोदर देवांगन के समक्ष उपस्थित होकर शिक्षक राजेश कुमार कुर्रे को शराब पीकर स्कूल आने की बात कही तो शिक्षक ने अपनी ग़लती स्वीकार की तथा सभी के समक्ष माफी मांगी। शिक्षक गोपी तिवारी को धान छटवाने के मामले में निलंबित किया गया है। अभी मामला शांत भी नहीं हुआ कि शासकीय प्राथमिक शाला बसंतपुर में शिक्षक राजेश कुमार कुर्रे ने शराब पीकर स्कूल पहुंचने के मामले में विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती रत्ना थवाईत ने मामले को संज्ञान में लेकर तत्काल शिक्षक राजेश कुमार कुर्रे को कारण बताओ नोटिस जारी कर दो दिवस के भीतर जवाब मांगा है।



# बाहुबली: द एपिक 31 को होगी रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली भारतीय सिनेमा की एक कल्ट फ्रेंचाइजी है, जिसकी दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर रिकॉर्ड स्थापित किए हैं। बाहुबली: द बिगनिंग और बाहुबली 2: द कन्क्लूजन दोनों ही फिल्में आज भी दर्शकों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। अब निर्देशक एसएस राजामौली 'बाहुबली: द एपिक' लेकर आ रहे हैं, जो 31 अक्टूबर को रिलीज हो रही है। बाहुबली के निर्माता शोबू यार्लागड्डा ने बताया कि यह किरदार शुरू से ही प्रभास को ध्यान में रखकर लिखा गया था और किसी अन्य अभिनेता को कोई ऑडिशन या प्रस्ताव नहीं दिया गया था। यह एक ऐसा खुलासा है जो उन फैंस को आश्चर्यचकित कर सकता है।

लाइफ Style

# नोरा

## 'दिलबर की' में जबरदस्त डांस मूव्स



फिल्म 'थामा' का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज हो चुका है। इस गाने में नोरा फतेही ने जबरदस्त डांस मूव्स से फैंस का दिल जीत लिया है। रश्मिका मंदाना और आयुष्मान खुराना की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'थामा' का हाल ही में गाना 'तुम मेरे न हुए' रिलीज हुआ था। वहीं, मंगलवार को निर्माताओं ने फिल्म का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को सरप्राइज कर दिया है।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मंगलवार को मैडॉक फिल्म्स ने अगामी फिल्म 'थामा' का एक नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर दिया है। इस गाने के आने से साफ हो गया है कि अब नोरा फतेही भी मैडॉक्स हॉरर फिल्म का हिस्सा बन गई हैं। 'थामा' फिल्म के निर्माताओं ने फिल्म का नया गाना 'दिलबर की आंखों का' रिलीज कर फैंस को खुश कर दिया है। इस गाने के साथ निर्माताओं ने कैप्शन में लिखा, 'दिवाली और भी ज्यादा गरम हो गई। 21 अक्टूबर को, दुनिया भर के सिनेमाघरों में थामा के साथ एक खूनी प्रेम कहानी लेकर आ रहा है।' नोरा फतेही के जबरदस्त डांस मूव्स पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'हे भगवान सच में फिर से आग लग गई', एक और फैन ने लिखा, 'रानी वापस आ गई है ', तो वहीं कई फैंस ने नोरा के इस डांस को तमन्ना भाटिया के डांस से कंपेयर किया है। एक फैन ने लिखा, 'वही डांस, वही मूव्स, वही एक्सप्रेशन, वही कपड़े सब कुछ एक जैसा'। एक फैन ने लिखा, 'धमाकेदार', एक और फैन ने लिखा, 'नोरा का हर कदम आग।' फिल्म 'थामा' एक रोमांटिक कॉमेडी हॉरर प्रेम कहानी है। इसका निर्देशन आदित्य सरपोतदार ने किया है।

हॉलीवुड मसाला



# जेम्स के पोस्टर्स से की छेड़छाड़

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड से चौंका देने वाली खबर सामने आ रही है। अमेजन प्राइम वीडियो ने हाल ही में जेम्स बॉन्ड की क्लासिक फिल्मों के पोस्टर्स से गन यानी बंदूकें हटा दी हैं। यह बदलाव देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैन्स ने गुस्सा जाहिर किया और कहा कि यह संस्कृति के प्रतीक के साथ खिलवाड़ है। पिछले हफ्ते अमेजन प्राइम वीडियो यूके ने अपनी वेबसाइट पर जेम्स बॉन्ड सीरीज की नई प्रमोशनल पोस्टर इमेजेस रिलीज की थीं।




# बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के सुपरस्टार ड्वेन जॉनसन के फैंस को उनकी नई फिल्म 'द स्मैशिंग मशीन' से काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, ओपनिंग वीकेंड पर यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर वह कमाल नहीं दिखा पाई जिसकी उम्मीद की जा रही थी। लगभग 50 मिलियन डॉलर यानी 415 करोड़ के बजट में बनी इस खेल-आधारित ड्रामा फिल्म ने पहले तीन दिनों में सिर्फ 6 मिलियन डॉलर यानी 4.98 करोड़ की कमाई की।। बॉक्स ऑफिस के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद ड्वेन जॉनसन ने अपने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा- 'दिल की गहराइयों से धन्यवाद उन सभी को जिन्होंने 'द स्मैशिंग मशीन'देखी। बॉक्स ऑफिस रिजल्ट्स पर हमारा कंट्रोल नहीं होता, लेकिन हम अपने परफॉर्मेंस पर पूरा भरोसा रख सकते हैं। इस किरदार को निभाना मेरे लिए एक जीवन-परिवर्तनकारी अनुभव रहा।'



# मिर्जापुर: द फिल्म की शूटिंग शुरू की

**मुंबई।** अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने वेब सीरीज 'मिर्जापुर' पर बनी फिल्म 'मिर्जापुर: द फिल्म' की शूटिंग शुरू कर दी है। वे इसमें अपनी पॉपुलर भूमिका गजगामिनी 'गोलू' गुप्ता के रूप में लौट रही हैं। यह फिल्म 2026 में रिलीज होगी। पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु शर्मा भी अपनी भूमिकाओं में वापस आ रहे हैं। श्वेता ने 'मिर्जापुर: द फिल्म' को लेकर कहा, 'गोलू मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं, बल्कि साल से मेरी जिंदगी का साथी है। बड़े पर्दे पर उसका सफर देखना कमाल का और सपने जैसा लग रहा है।' श्वेता वाराणसी को अपना 'दूसरा घर' मानती हैं। उन्होंने बताया कि उनके कॅरियर के कई प्रोजेक्ट इस शहर से जुड़े हैं, जैसे नीरज घायवान की फिल्म मसान, शो एस्केप लाइव और कालकूट। श्वेता ने कहा, यह शहर मुझे हमेशा बुलाता है।



# हैवान में निगेटिव रोल में आएंगे नजर

**मुंबई।** मंगलवार को अक्षय कुमार फिक्की फ्रेम्स 2025 कार्यक्रम में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में उन्होंने साइबर क्राइम जैसी बातों को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने लंबी चर्चा की। इसी दौरान अपनी फिल्म 'हैवान' को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री से सलाह मांगी। साथ ही अपने किरदार का जिक्र भी कर दिया। कार्यक्रम में अक्षय ने कहा, 'मैं एक ऐसी फिल्म कर रहा हूं, जिसमें निगेटिव रोल निभा रहा हूं। मैं सोच रहा था कि मुझे यह करना चाहिए या नहीं। फिल्म का नाम 'हैवान'है। लेकिन, अंत में मैं हार जाता हूं। हैवान हार जाता है। इस पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने अक्षय कुमार को सपोर्ट किया और कहा, 'हां, आपको यह रोल जरूर करना चाहिए। आप जैसे मल्टी टैलेटेंड एक्टर को हर तरह के रोल निभाने चाहिए।

टीवी मसाला



# जावेद अख्तर ने बिग बी को राज खोलने से रोका

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले शो कौन बनेगा करोड़पति का नया प्रोमो सामने आया है। इसमें लेखक जावेद अख्तर और उनके बेटे फरहान अख्तर नजर आ रहे हैं। इस नए प्रोमो में बिग बी, जावेद अख्तर के बारे में कुछ मजेदार राज बता रहे हैं। साथ ही फरहान के साथ काम करने के अपने अनुभव के बारे में भी कुछ कहते दिखाई दे रहे हैं। प्रोमो की शुरुआत में फरहान और जावेद अख्तर, बिग बी को केक काटकर खिलाते हुए दिख रहे हैं, क्योंकि 11 अक्टूबर को अमिताभ का जन्मदिन है। इसके बाद बिग बी ने फरहान के साथ की गई 'लक्ष्य' फिल्म का अनुभव बताया। उन्होंने कहा, 'रात को ये हमारे कमरे में आए। अमिताभ अंकल, क्या आपको कोई दिक्कत हो रही है? पहली बार लगा कि मैं एक नौसिखिया ही हूं और ये उस्ताद बैठा हुआ जो कह रहा है देखो बेटा हम तुमको बताते हैं कैसे एक्टिंग करनी चाहिए।' इसके बाद सभी आश्चर्य होकर हंसने लगते हैं। आगे प्रोमो में फरहान, जावेद अख्तर और अमिताभ बच्चन से कहते हैं कि वो दोनों एक-दूसरे के बारे में कोई एक गुण बताएं। इस पर जावेद ने कहा, वह इंडस्ट्री में इतने सारे गुणों वाले इकलौते इंसान हैं, जो मैंने अब तक देखा है। फिर फरहान पूछते हैं कि दोनों में से महिलाओं के बीच कौन ज्यादा लोकप्रिय था। इसके जवाब में जावेद थोड़ा हिचकिचाते हैं, लेकिन बिग बी उनकी ओर इशारा करते हुए बताते हैं कि जावेद ही वो शख्स हैं जिन्हें महिलाएं ज्यादा पसंद करती हैं। उन्होंने आगे कहा, 'मैं बताऊं आपको' जिस पर जावेद तुरंत बीच में ही टोकते हैं, 'सब मत बताइएगा।'

## टास्क के बाद फूट-फूटकर रोई तान्या

**नई दिल्ली।** रियलिटी शो बिग बॉस 19 में मालती चाहर ने आते ही तान्या मित्तल को आईना दिखा दिया था। एक्ट्रेस ने तान्या मित्तल को बताया कि बाहर उसके बारे में किस तरह का माहौल बन रहा है। लोगों को उसकी कही बातों पर बिल्कुल भी यकीन नहीं है। लेकिन, मालती की बातों को तान्या ने बिल्कुल भी गंभीरता से नहीं लिया। फिर एक टास्क के दौरान मालती ने ऐसी हरकत की कि तान्या रोने लगी। बाद में शो के बाकी प्रतियोगियों को मालती ने तान्या के बारे में काफी सारी बातें बताईं। जिन्हें सुनकर सब हैरान हो गए।



बिग बॉस 19 के हालिया रिलीज प्रोमो में घर में एक टास्क चल रहा है, जिसे मालती चाहर लीड कर रही हैं। वह तान्या को स्विमिंग पुल में धक्का देती हैं। तान्या वहां से बाहर आने के बाद वॉशरूम में जाकर बहुत देर तक, फूट-फूटकर रोती हुईं नजर आती हैं। मातली आकर पूछती है, क्या हुआ? तान्या कहती है, मैं तुम्हारी वजह से रो नहीं रही हूं।

# ऐश्वर्या ने शेयर कीं पेरिस फैशन वीक की शानदार तस्वीरें

**पेरिस।** ऐश्वर्या राय बच्चन ने मंगलवार को पेरिस फैशन वीक 2025 में सितारों के साथ शानदार तस्वीरें शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। उन्होंने सौशल मीडिया हैंडल पर बैकस्टेज की दो कमाल की ग्रुप फोटो शेयर कीं, जिनमें हॉलीवुड और फैशन की बड़ी हस्तियां नजर आ रही हैं। पहली तस्वीर में ऐश्वर्या काले रंग के स्टाइलिश कपड़ों में हेडी क्लम, वियोला डेविस, केंडल जेनर, एले फैनिंग, ईवा लोंगोरिया, एंडी मैकडॉवेल, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग जैसे सितारों के बीच खड़ी हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक सीढ़ी पर ली गई है, जहां सभी सितारे अपने-अपने ग्लैमरस कपड़ों में पोज दे रही हैं। यहां कैमिला कैबेलो, वियोला डेविस, एंडी मैकडॉवेल, हेडी क्लम, ईवा लोंगोरिया, एले फैनिंग, सिंडी क्रॉफर्ड, लूमा ग्रोथ और अजा नाओमी किंग दिखीं। यह इवेंट लोरियल का सालाना रनवे शो 'ले डेफिले 2025' था, जो सौंदर्य और महिलाओं की ताकत पर जोर देता है। ऐश्वर्या ने एक और पोस्ट में वीडियो शेयर किया, जिसमें वे डिजाइनर मनीष मल्होत्रा के हीरों वाली ड्रेस में कमाल लग रही हैं। वीडियो में वे सिमोन एश्ले (ब्रिजर्टन स्टार) से बात करती नजर आईं। उनकी बेटी आराध्या भी साथ थीं। मां-बेटी की जोड़ी सेल्फी लेती, हंसती और मजे करती दिखी।



# सिग्नल पर भीख मांगती थी फिल्मों की ये साइड एक्ट्रेस अनिल, आमिर की फिल्मों में किया था शानदार काम

**नई दिल्ली।** हिंदी फिल्मों में कई ऐसे साइड किरदार नजर आए होंगे जो आपको पसंद तो बहुत हैं, लेकिन उनके बारे में कम ही जानकारी मौजूद है। ऐसी ही एक करैक्टर आर्टिस्ट थीं मिस मिमी। इन्हें आपने 90 के दशक की कई फिल्मों में अपने बढे हुए वजन के साथ देखा होगा। मिस मिमी कोई एक्टर नहीं थीं, बल्कि सिग्नल पर भीख मांगने वाली एक ऐसी लड़की थी जिसकी दिमागी हालत ठीक नहीं थी। सिग्नल से फिल्मों तक का सफर किसी चमत्कार से कम नहीं था।



### आमिर की फिल्म से शुरुआत

आमिर खान और माधुरी दीक्षित की फिल्म दिल तो आपको याद ही होगी। इस फिल्म में एक बॉक्सिंग मुकाबले का सीन आता है, जहां आदिल ईरानी हार जाते हैं। उस हार के पेनल्टी के रूप में मिस मिमी उन्हें किस करती हैं। उसी एक सीन ने उन्हें नाम दिया मिस मिमी। इस बारे में एक इंटरव्यू में आदिल ईरानी ने बताया कि मिस मिमी को उन्होंने सड़क पर एक भिखारिन के रूप में देखा था, तब उनके भाई इंदर कुमार ऐसा लुक ढूंढ रहे थे। और उसी से इंस्पायर्ड होकर उन्होंने उस लड़की को दिल फिल्म में छोटा रोल दिया और एक्टिंग करवाई।

### मुंह से आती थी बदबू

आदिल ने कहा कि उस किस सीन में जब मिस मिमी अपना चेहरा उनके करीब ले जाती हैं, तो उनके मुंह से बदबू आ रही थी। मिस मिमी के मुंह से आने वाली उस बदबू ने उन्हें अजीब महसूस कराया। बाद में कहा जाता है कि मिस मिमी ने बेटा और दिलजले जैसी फिल्मों में भी काम किया। लेकिन, मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ न होने के कारण, वो जो कुछ भी मिल जाता, वही खा लेती थीं। इस वजह से एक दिन उनकी तबीयत बिगड़ गई और वे बुरी तरह बीमार हो गईं। रिपोर्ट ये भी हैं कि मिस मिमी का एक्सीडेंट हो गया था।

## करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को बनाता है मजबूत

# इस साल ये जोड़ियां मनाएंगी अपना पहला करवा चौथ

***नई दिल्ली।*** *करवा चौथ का त्योहार हर साल पति-पत्नी के रिश्ते को और मजबूत बनाता है। इस बार कई नई शादीशुदा जोड़ियां अपना पहला करवा चौथ धूमधाम से मनाएंगी। ये जोड़ियां न केवल अपने रिश्ते को नया रंग देंगी, बल्कि फैंस के लिए भी यह त्योहार खास बन जाएगा। करवा चौथ की हार्दिक शुभकामनाओं के साथ ये टीवी सेलेब्स भी करवा चौथ का जश्न मनाएंगे।*



### अरमान मलिक और आशना श्रॉफ

मशहूर सिंगर अरमान मलिक ने हाल ही में आशना श्रॉफ से शादी की है। यह उनका पहला करवा चौथ होगा, जो काफी खास होने वाला है। 2019 से एक-दूसरे को डेट करने के बाद अरमान मलिक और आशना श्रॉफ ने 2 जनवरी, 2025 को शादी की थी। दानों ने इंस्टाग्राम पर 'तू ही मेरा घर' के खास कैप्शन के साथ अपनी शादी की तस्वीरें शेयर की थीं। अरमान मलिक एक मशहूर बॉलीवुड प्लेबैक सिंगर हैं, जबकि आशना श्रॉफ एक भारतीय फैशन और ब्यूटी ब्लॉगर, यूट्यूबर और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर हैं।



### अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर

अंशुला कपूर और रोहन ठक्कर ने हाल ही में सगाई की है, जिसकी शानदार तस्वीरे अभी भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। बॉलीवुड एक्टर अर्जुन कपूर की बहन अंशुला ने 2 अक्टूबर को रोहन से सगाई की है। हो सकता है कि अंशुला सगाई के बाद रोहन के लिए करवाचौथ का व्रत रखें।



### अविका गौर और मिलिंद चंदवानी

टीवी सीरियल 'बालिका वधु' से घर-घर प्रसिद्ध हुईं अविका गौर ने हाल ही में अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड मिलिंद चंदवानी से शादी की है। उनकी शादी 'पति पत्नी और पंगा' के सेट पर हुई थी। यह अविका का पहला करवा चौथ होगा। अविका ने 'ससुराल सिमर का' समेत कई हिट शोज और वेब सीरीज में अभिनय किया है।

***झील मेहता और आदित्य दुबे*** *: अभिनेत्री झील मेहता ने आदित्य दुबे से विवाह किया है। नई दुल्हन झील इस त्योहार को पति के लिए व्रत रखकर सेलिब्रेट कर सकती हैं। झील मेहता ने अपने लंबे समय के साथी आदित्य दुबे से शादी की है। उन्होंने दिसंबर 2024 में भव्य शादी की थी। फिर फरवरी 2025 में अपनी कानूनी शादी (रजिस्ट्री) पूरी की। अभिनेत्री झील मेहता 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' में सोनू के किरदार के लिए मशहूर हैं।*

## खबर संक्षेप

### डॉक्टरेक्ट की मानद उपाधि से अमरनाथ सोनी सम्मानित



**चांपा।** स्थानीय कन्नौजिया स्वर्णकार समाज के वरिष्ठ नागरिक तथा नरेन्द्र मोदी विचार मंच के राष्ट्रीय महामंत्री अमरनाथ सोनी को फ्लोरिडा स्थित सामाजिक आर्थिक विकास अनुसंधान विश्वविद्यालय द्वारा सामाजिक एवं मानवीय सेवाओं में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉक्टरेक्ट ऑफ आनर्स की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया है। उन्हें यह सम्मान पिछले दिनों नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह के दौरान प्रदान किया गया। अमरनाथ सोनी को यह सम्मान प्राप्त होने पर उनका नगर के नरेन्द्र मोदी विचार मंच के अनुषांगिक संगठनों द्वारा एक कार्यक्रम के दौरान अभिनंदन किया गया। इस मौके पर नगरपालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव एवं गोपाल मित्तल सहित अनेक लोग मौजूद थे। सोनी को डॉक्टरेक्ट की मानद उपाधि से सम्मानित किये जाने पर समाज के केन्द्रीय अध्यक्ष जयदेव सोनी

### बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के परिनिर्वाण दिवस पर विचार संगोष्ठी आज

**जांजगीर-चांपा।** बहुजन समाज पार्टी बिलासपुर जोन इकाई के तत्वाधान मे बामसेफ डीएस 4 व बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम के 19 वीं परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर उनके जीवन दर्शन पर विचार संगोष्ठी कार्यक्रम गुरूवार 9 अक्टूबर को सुबह 11 बजे से शारदा मंगलम जांजगीर में रखा गया है। मुख्य अतिथि श्रीमती इन्दू बंजारे पुर्व विधायक व प्रदेश महासचिव बहुजन समाज पार्टी छत्तीसगढ़ होंगी। प्रदेश महासचिव राधेश्याम सूर्यवंशी ने बसपा के सभी पदाधिकारी, कार्यकर्ता व आम जनमानस से अधिक से अधिक संख्या मे पहुंचकर बहुजन नायक कांशीराम साहब को श्रद्धा-सुमन अर्पित कर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### सतनामी उत्थान जागृति समिति की बैठक आज

**पामगढ़।** सतनामी उत्थान जागृति समिति जिला जांजगीर चांपा की आवश्यक बैठक गुरुवार 9 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे से जोड़ा जैत खाम सतनाम भवन गुरु घासीदास स्मारक एवं मिनीमाता सभा स्थल लछनपुर केराझरिया चांपा में रखा गया है, जिसमें समिति का सदस्यता, आय व्यय , आगामी युवक युवती परिचय सम्मेलन , व अन्य संबंध में रखा गया है। सतनामी समाज व समिति के सभी लोग सादर आमंत्रित है। समिति के जिला अध्यक्ष सुखराम मधुकर,जिला मीडिया प्रभारी डॉ ललित कुर्रे ने सभी से उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है ।

### सिलादेही में श्रीमद् भागवत महापुराण कथा आज से

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम सिलादेही के सड़क पारा हनुमान चौक में समिति और मोहल्ला वासियों के प्रयास से श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन गुरूवार 9 अक्टूबर से किया गया है। शुभारंभ अवसर पर कर्मा नृत्य के साथ कलशयात्रा निकाली जाएगी। कथावाचिका सुश्री गीतांजलि शर्मा गौरेय्या धाम चौरेला जिला बालोद होगी। कथा प्रतिदिन दोपहर 2.30 बजे से कथा शुरू होगा। कथा के पहले दिन गुरुवार 9 अक्टूबर को कलशयात्रा , 10 अक्टूबर वेदी पूजन व कथा महात्म्य, 11 अक्टूबर परीक्षित जन्म सुखदेव आगमन एवं कपिल चरित्र भक्त ध्रुव प्रहलाद चरित्र, 12 अक्टूबर सती चरित्र भक्त ध्रुव, 13 अक्टूबर वामनावतार श्रीकृष्ण जन्मोत्सव ,14 अक्टूबर बाल लीला एवं गोवर्धन पूजा, 15 अक्टूबर महा रास रुक्खमणी विवाह ,16 अक्टूबर श्रीकृष्ण सुदामा चरित्र के साथ कथा विराम 17 अक्टूबर तुलसी वर्षा यज्ञ हवन पूर्णाहुति एवं सहस्त्र धारा के साथ कथा का समापन होगा। कथा को सफल बनाने के लिए यज्ञ समिति और मोहल्ला वासी बजरंग चौक सिलादेही के कार्यकर्ता ,मुख्य यजमान के द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### आदर्श ग्राम गोधना में नौ दिवसीय अखंड नवधा रामायण प्रारंभ



**गोधना।** आदर्श ग्राम गोधना के गणेश मोहल्ला में नौ दिवसीय अखंड नवधा रामायण कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। इस दौरान गांव में भक्तिमय माहौल छाया रहा। कलश यात्रा का प्रारंभ यज्ञ स्थल गणेश मोहल्ला से हुआ, जो चंडी चौक, अंबेडकर चौक होते हुए लंकेटर तालाब पहुंची। यहां बड़ी संख्या में माताओं और बहनों ने श्रद्धाभाव से कलश में जल भरकर यात्रा को पुनः शेरा चौक, संतोषी चौक, भाठापारा, मिलन चौक, महावीर मोहल्ला से होते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंचाया। यात्रा के दौरान भक्तों ने जय श्रीराम के गगनभेदी नारे लगाए। कलश यात्रा के उपरांत आचार्य रूद्रेश दुबे एवं सची शुक्ला द्वारा प्राण प्रतिष्ठा की विधि-विधानपूर्वक पूजा संपन्न कराई गई। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया। सायं कालीन रामायण गायन की शुरुआत व्यास आचार्य द्वारा की गई, जिसमें ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उपमुख्यमंत्री ने नगर पालिका सक्ती क्षेत्र सहित जिले के लिए 48 करोड़ रुपए से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण

# छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर अटल ने दिलाई पहचान : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

उप मुख्यमंत्री अरुण साव बुधवार 8 अक्टूबर को सक्ती जिले के प्रवास पर पहुंचे। उन्होंने जिला मुख्यालय सक्ती के समीपस्थ नगर पालिका परिषद सक्ती में अटल परिसर का लोकार्पण करने के साथ ही बुधवारी बाजार सक्ती में विभिन्न विकास कार्यों के लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री द्वारा नगर पालिका परिषद सक्ती में 30 लाख रुपए की लागत से अटल परिसर निर्माण कार्य का लोकार्पण, 309.17 लाख रुपए की लागत राशि से बने सोसायटी चौक से बुधवारी बाजार होते हुए गुरुनानक कॉम्प्लेक्स तक बी. टी. रोड निर्माण कार्य, चौड़ीकरण एवं सौंदर्यीकरण का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही उन्होंने 441.49 लाख रुपए की लागत राशि से बनने वाले नालंदा परिसर सक्ती का भूमिपूजन किया। साथ ही उनके द्वारा जिला सक्ती के डभरा नहर पारा से खरसीया तक 2911.33 लाख रुपये के लागत राशि के मार्ग का लोकार्पण, अढभार से बुंदेली मार्ग तक 498.18 लाख रुपये के लागत राशि के मार्ग का भूमिपूजन, धनपुर से गुडवा तक 338.38 लाख रुपये के लागत राशि के सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण और आमा दहरा बरपेल्हाडीह से केसला तक 344.83 लाख रुपये के लागत राशि के सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। उपमुख्यमंत्री ने नगर पालिका परिषद सक्ती क्षेत्र सहित सक्ती जिले के लिए बुधवारी बाजार, अटल चौक



अटल परिसर का लोकार्पण करते डिप्टी सीएम अरुण साव एवं उपस्थित भाजपा पदाधिकारी व अन्य।

परिसर से 48 करोड़ 73 लाख रुपये से अधिक के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इसके साथ ही इस अवसर पर पीएम आवास के हितग्राहियो को उनके नए आवास की चाबी सौपी गई। साथ ही राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत हितग्राही को तीन लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया और प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत दो हितग्राहियों को क्रमशः 15000 रुपये और 25000 रुपये का चेक प्रदान किया गया। इसके साथ ही इस अवसर पर स्वच्छता दिदियों व स्वच्छता मित्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंच के माध्यम से उपमुख्यमंत्री ने नगर पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की मांग पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय उद्यान के जीर्णोद्धार व सौंदर्य करण के लिए 40 लाख रुपए और श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार और सौंदरीकरण के लिए 50 लाख रुपए की स्वीकृति देते हुए नगर पालिका सक्ती अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल को उनके अन्य मांगों सहित 3.50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव भेजने कहा। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि उनके द्वारा भेजे गए इस प्रस्ताव को उनके द्वारा तत्काल स्वीकृत कर दिया जाएगा। नगर पालिका परिषद सक्ती में अटल परिसर के लोकार्पण अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने बताया कि प्रदेश में सरकार आने के बाद सक्ती जिले के विकास के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा मोदी के एक-एक गारंटी को पूरा करने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पुराने सड़कों का मरम्मत और नई सड़कों का निर्माण भी कराया जा रहा है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सभी बड़े विकास कार्य अटल बिहारी बाजपेयी की ही देन है। हम अपने प्रदेश के लिए उनके योगदान को नहीं भूला सकते। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान श्रद्धेय अटल जी ने ही दिलाई है, जिस कारण पूरे प्रदेश के शहरों में अटल परिसर का लोकार्पण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सक्ती जिले में 85 करोड़ रुपए की लागत से जल आवर्धन योजना का कार्य अंतिम चरण में है। इसके पूर्ण हो जाने के बाद घर-घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचेगा। इसी क्रम में नगर पालिका सक्ती अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने अटल परिसर के लोकार्पण अवसर पर जिले में पहली बार पहुंचे उप मुख्यमंत्री अरुण साव का पूरे शहर वासियों की ओर से स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री मेघा राम साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती द्रोपती कीर्तन चंद्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, श्रीमती आशा साव, नगर पालिका परिषद सक्ती अध्यक्ष श्याम सुन्दर अग्रवाल, नगर पालिका परिषद सक्ती उपाध्यक्ष भारत यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीतू ऋषि राय, सांसद प्रतिनिधि संजय रामचंद्र अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि रंजन सिन्हा, श्रीमती संयोगिता सिंह जुदेव, टिकेश्वर गबेल, अभिषेक शर्मा, रामनरेश यादव, प्रशांत ठाकुर, कृष्ण कांत चंद्रा, कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, पुलिस अधीक्षक श्रीमती अंकिता शर्मा, जिला पंचायत सीईओ वाशु जैन, सीएमओ प्रहलाद पाण्डेय सहित जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, अधिकारी कर्मचारीगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### उपमुख्यमंत्री अरुण साव को भेंट किया माता कौशल्या का चित्र



**पामगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री अरुण साव मंगलवार को जिले के प्रवास पर रहे, जहां उन्होंने नगर पंचायत पामगढ़ में अटल परिसर का अनावरण किया एवं नगर को करोड़ों रूपयों की सौगातें दीं। इसी दौरान पामगढ़ से राहौद के बीच मेंऊ भांठा कोसला मोड़ के पास कोसला धाम वासियों द्वारा भव्य तरीके से आतिशबाजी, गमछा, माला एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। साथ ही कोसला धाम वासियों द्वारा उपमुख्यमंत्री अरूण साव को माता कौशल्या का एक बड़ा सा चित्र भी भेंट किया गया,माता कौशल्या जन्मभूमि 'कोसला' धाम को केंद्र सरकार के 'प्रसाद योजना' में शामिल करने हेतु जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू ने सभी ग्राम वासियों की उपस्थिति में उपमुख्यमंत्री अरूण साव को अपने लेटर पैड में लिखित आवेदन व माता कौसल्या जन्मभूमि कोसला के संबंध में 50 पृष्ठीय फाइल ज्ञापित किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, अमर सुल्तानिया, गुरुदयाल पाटले, मंडल पामगढ़ अध्यक्ष यशवंत साहू, मानस जांगड़े, जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, वरिष्ठ अधिवक्ता दुर्गेश्वर तिवारी, युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष रितेश सिंह, सरपंच ग्राम पंचायत कोसला सरपंच राजकुमार नारंगे, फिरत राम कुर्मी, देव कुमार साहू, आशीष तिवारी, अभिजीत बाबू पांडे, रविंद्र उपाध्याय, पीयूष गौराहा, गौरव तिवारी, रोहित कुमार लहरे, मनजीत सिंह जाहिरे, नोखराम वर्मा, ईश्वर साहू, गोपाल साहू, अश्विनी देवांगन, रामकृष्ण सोनी, मयंक कश्यप, रमेश कुमार कश्यप, द्वारिका साहू समस्त कार्यकर्ता एवं कोसला धाम वासी उपस्थित रहे।

- कोसला धाम को केंद्र सरकार की प्रसाद योजना में शामिल करने का किया गया आग्रह

### कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरु



**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह स्थित दुर्गा चौंक में बुधवार 8 अक्टूबर को भव्य कलश यात्रा के साथ संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ समारोह का शुभारम्भ किया गया। कलश यात्रा निकालकर भाठापारा स्थित लक्ष्मी सागर तालाब पहुंच कर जल भरकर कथा स्थल लाया गया और कथा वाचक पंडित उत्तम मिश्रा द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा कर बेदी पूजन और ब्यास पूजन किया गया। कलश यात्रा में स्थानीय गांव के अलावा अंचल के ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। दूसरे दिन गुरुवार 9 अक्टूबर को कथा वाचक पंडित उत्तम मिश्रा के द्वारा कथा महात्यम, परिक्षित जन्म और सृष्टि वर्णन कथा सुनाई जाएगी। यज्ञ समारोह के तीसरा दिन शुक्रवार 10 अक्टूबर को सती चरित्र, ध्रुव कथा भरत कथा सुनाएंगे। गुरुवार 16 अक्टूबर को तुलसी वर्षा, गीता पाठ, हवन सहस्त्रधारा, ब्राम्हण भोज का आयोजन किया जायेगा। प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 3 बजे से रात्रि तक होगी।

### पर्यवेक्षकों ने कार्यकर्ताओं से वन टू वन चर्चा कर जानी राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही संगठन सृजन

- विकास खंड मुख्यालय नवागढ़ में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों की हुई बैठक

कार्यक्रम के तहत जांजगीर-चांपा जिला के लिये नियुक्त पर्यवेक्षक विवेक बंसल द्वारा विकास खंड मुख्यालय नवागढ़ में ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, आम कार्यकर्ताओं का बैठक आयोजित किया गया।

बैठक के दौरान जिला कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिये योग्य, सक्षम एवं सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने वाले कांग्रेसी को तलाशने, प्रत्येक कार्यकर्ताओं से रुबरु होकर विचार जानने का



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं से चर्चा करते पर्यवेक्षक विवेक बंसल।

प्रयास किया, ताकि कांग्रेस को जमीनी स्तर से मजबूती प्रदान किया जा सके। इस अवसर पर बड़ी संख्या में उपस्थित होकर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपनी मंशा पर्यवेक्षक के समक्ष ब्यक्त कर सुझाव दिये। इस अवसर पर विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व विधायक मोतीलाल देवांगन, दिनेश शर्मा, रमेश पैदावार, राजेश अग्रवाल, गिरधारी लाल यादव, आभास बोस, भगवान दास गढ़ेवाल, गोविंद केसरवानी, गोविंद कश्यप, दिलदार खान,पवन कश्यप, पप्पू खान, अरमान खान, अखिलेश महराज, ज्योति किशन कश्यप जोधीश चन्द्रा, विजय तिवारी, प्रदीप कश्यप,लाला जायसवाल, गौरव सिंह हरदी, विदेश कर्ष, श्रीराम गोंड,श्रीमति कांति केसरवानी, भास्कर गढ़ेवाल, इतवारी खूंटे, विजय तिवारी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### निर्विरोध बम्हनीडीह तहसील अध्यक्ष बने ईश्वर, रुक्मणि बनीं उपाध्यक्ष

**देवरी-सारागांव।** छत्तीसगढ़ साहू समाज के निर्देशानुसार बम्हनीडीह तहसील साहू संघ का चुनाव संपन्न हुआ। इस चुनाव में पांच परिक्षेत्रों के पदाधिकारी एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से सभी पदाधिकारियों का निर्विरोध चयन किया गया। इसमें तहसील अध्यक्ष पद पर ईश्वर साहू का चयन किया गया। पुरुष उपाध्यक्ष के रूप में रामकिशन साहू और महिला उपाध्यक्ष पद पर श्रीमती रुक्मणि संजय साहू को चुना गया। इसके साथ ही संगठन सचिव हेमंत साहू तथा सह-संगठन सचिव पद पर सरस्वती साहू का चयन किया गया। निर्विरोध चुनाव संपन्न होने पर समाजजनों ने नवचयनित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल कार्यकाल की शुभकामनाएं व्यक्त की। कार्यक्रम में समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।




### अकलतरा विकास खण्ड के सभी शासकीय स्कूलों का सामाजिक अंकेक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान के अंतर्गत अकलतरा विकास खण्ड के सभी शासकीय विद्यालयों का सामाजिक अंकेक्षण किया गया। सामाजिक अंकेक्षण का उद्देश्य स्कूलोंके के शैक्षिक स्तर का आंकलन करना है।

इस हेतु आंकलन कर्ता को विभाग द्वारा जारी प्रश्नावली दिया गया जिसमें 20 निर्धारित बिन्दुओं पर आंकलन किया गया। इसमें मुख्य रूप से बच्चों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, शनिवारीय गतिविधि बैगलेस दिवस मनाया जाना, मुस्कान पुस्तकालय का नियमित उपयोग, गुणवत्ता युक्त मध्यान्ह भोजन की जानकारी, अध्यापन हेतु टीएलएम की उपलब्धता, विद्यालय में शिक्षकों का व्यवहार, पेयर लर्निंग, प्राथमिक विद्यालयों



में जादुई पिटारा का उपयोग, इको क्लब का गठन, विगत वर्ष का परीक्षा परिणाम, स्वच्छता पखवाड़ा कार्यक्रम के आयोजन, भवन मरम्मत, शौचालय मरम्मत की आवश्यकता, पेय जल व्यवस्था, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की की जानकारी, एक पेड़ मां के नाम योजनांतर्गत वृक्षारोपण एवं नोटिफिकेशन अपलोड की जानकारी ली गई। अन्केक्षण के दौरान शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारियों के समक्ष बच्चों से सभी विषयों पर प्रश्न पूछा गया। स्कूलों के स्तर अनुसार अंक दिया गया जिसके आधार पर ग्रेडिंग तय किया जाएगा। निम्नस्तर प्रदर्शन करने वाले स्कूलों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही भी की जा सकती है। कई विद्यालयों में न्यौता कार्यक्रम का आयोजन आज पूरे विकास खण्ड के सभी प्राथमिक, उच्च प्राथमिक,उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में एक साथ किया गया। इस दौरान कई विद्यालयों में न्यौता भोजन का आयोजन किया गया। अंकेक्षण प्रश्नावली की जांच कर प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रविष्टि की जाएगी जिसे राज्य स्तर पर ऑन लाइन भेजा जाएगा। विकास खण्ड के सभी बच्चों के साथ साथ अन्य हज़ारों सदस्यों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम को सफल बनाने में विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, बीआरसी एवं सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं संकुल शैक्षिक समन्वयको की अहम भूमिका रही ।

### प्रत्येक छात्रों को अपने जीवन में करनी चाहिए कड़ी मेहनत

**जांजगीर-चांपा।** प्रत्येक छात्रों को अपने जीवन में कड़ी मेहनत करनी चाहिए जिससे उन्हें अपने लक्ष्य की प्राप्ति हो सके। यह बातें 30 सितम्बर को सेवानिवृत्त होने पर आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम में लेखापाल एन.एल. पोर्ते ने कही। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के लेखापाल नंदलाल पोर्ते की 32 वर्ष 4 माह की अधिवार्षिकी पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर संस्थान द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य बी.पी. साहू ने श्री पोर्ते की कर्तव्यनिष्ठता, कार्यक्षमता, सक्रियता, आदि की प्रशंसा करते हुए उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। उपप्राचार्य एल.के. पाण्डेय ने श्री पोर्ते के वित्तीय अभिलखों के संधारण की प्रशंसा करते हुए उन्हें कार्य के प्रति समर्पित बताया एवं उनके साथ डाइट में वर्षों के कार्यकाल को यादगार बताया। वरिष्ठ व्याख्याता एस. के. राठौर ने अभिनंदन पत्र का वाचन किया और उनके उत्तम स्वास्थय तथा दीर्घायु जीवन की कामना की। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्रथम वर्ष के छात्राध्यापकों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता संजय



कुमार शर्मा द्वारा एवं प्रबंधन व्याख्याता बी. जायसवाल तथा आभार प्रर्दशन श्रीमती कल्याणी बोस द्वारा किया गया। सेवानिवृत्त के अवसर पर संस्थान द्वारा पोर्ते को पेंशन स्वीकृति एवं ग्रेज्युटी भुगतान संबंधी आदेश प्रदान किया गया। इस अवसर पर व्याख्याता गोपेश साहू एन.एल. प्रधान, के.एम. जायसवाल, श्रीमती प्रतिमा साहू, श्रीमती कल्याणी बोस, श्रीमती आभा सिंह, उमांशकर राठौर, श्रीमती लता पकवासा, श्रीमती गीतेश्वरी साहू, श्रीमती दिव्या यादव, स्वपनिल देवांगन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

भाजपा मण्डल मुलमुला में आत्मनिर्भर भारत के तहत कार्यशाला

### भारत को विकसित राष्ट्र बनाने स्वदेशी उत्पाद को देनी होगी प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलमुला

भारतीय जनता पार्टी मण्डल मुलमुला के ग्राम नंदेली में आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान को गति प्रदान करने के उद्देश्य से कार्यशाला का आयोजन सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा नेता विकास शर्मा उपस्थित रहे। साथ ही जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी एवं भाजपा अजा मोर्चा के जिलाध्यक्ष अध्यक्ष संतोष लहरे मंचासीन रहे।

कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी चीजों को बढ़ावा देना और आत्मनिर्भर भारत की दिशा में समाज को जागरूक करना था। भाजपा मण्डल मुलमुला के अध्यक्ष विश्वनाथ प्रताप यादव ने अपने संबोधन में कहा कि देश की प्रगति का वास्तविक मार्ग स्वदेशी को अपनाने से होकर गुजरता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमें अपने जीवन में स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देनी चाहिए। अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष संतोष लहरे ने कहा कि स्वदेशी उत्पाद अपनाने से न केवल हमारे कारीगर और बुनकर



कार्यशाला में अतिथि के साथ उपस्थित पदाधिकारी व कार्यकर्ता।

सशक्त होंगे, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था भी मजबूत होगी। आने वाले दिनों में अनेक त्योहार मनाए जाएंगे और यह समय स्वदेशी उत्पादों को अपनाने का सबसे उपयुक्त अवसर है। जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यलता मिरी ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत का संकल्प तभी साकार होगा, जब हम स्थानीय उत्पादों को अपनाकर विदेशी वस्तुओं पर निर्भरता कम करेंगे। स्वदेशी अपनाना हर भारतीय का कर्तव्य है। मुख्यवक्ता विकास शर्मा ने कहा कि स्वदेशी को अपनाना आज की आवश्यकता है। यदि भारत को विश्वगुरु और विकसित राष्ट्र बनाना है, तो हमें अपने परिश्रम और अपनी प्रतिभा से बने उत्पादों को प्राथमिकता देनी होगी। आत्मनिर्भर भारत अभियान केवल सरकारी योजनाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हर भारतीय का व्यक्तिगत संकल्प होना चाहिए। प्रत्येक नागरिक इस दिशा में सक्रिय योगदान से ही आत्मनिर्भर भारत का सपना पूरा होगा। शर्मा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया कि वे अपने जीवन में स्वदेशी को प्राथमिकता देंगे और इस अभियान को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाएंगे। कार्यशाला में निवर्तमान मण्डल अध्यक्ष उद्यालिक साहू, पूर्व मण्डल अध्यक्ष दरस पटेल, महामंत्री कौशल जोशी, उपाध्यक्ष द्वारिका वर्मा, उपाध्यक्ष इंदु बंजारे, मंत्री प्रहलाद साहू, कार्यालय मंत्री संतोष साहू, नंदेली सरपंच संतोष कुमार गोड़, प्रकाश यादव, सुरेश सिंह, नंदकिशोर सिंह, भीमबली नायक, राजधर सिंह, बाबा सिंह, भारत मेहर, सूरज लहरे, भोला यादव, यशवंत सिंह, रोहित साहू, मुनिराम साहू सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411